# सरकार, मंत्री, मुख्यमंत्री कमजोर होता है तो ऐसी घटनाओं में इजाफा होता है : डॉ. पूनिया

## जालौर में छात्र की हत्या को लेकर भाजपा नेताओं ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

- छात्र के परिजनों को 50 लाख एव सरकारी नौकरी दे सरकार : किरोड़ी
- हिंदुस्तान के इतिहास में सबसे विफल व नाकाम गृहमंत्री साबित हुए हैं : राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने जालौर में छात्र की हत्या को लेकर कहा कि आजादी के इतने बाद भी समाज और सरकार के समक्ष यक्ष प्रश्न है की प्रदेश पहले समाज में भाईचारा, सदभाव के लिए जाना जाता था अब इसको किसी की नजर लग गई। सरकार को चेताते हुए कहा कि पिछले साढ़े तीन साल में एक के बाद एक दलितों पर हत्या की घटनाएं बढ़ रही है। प्रदेश की सुरक्षा की खतरा उत्पन्न हुआ है। इस तरह की घटनाएं समाज को सोचने को मजबूर करती है। इस तरह की घटनाओं से मुख्यमंत्री लाचार है। इन सब बातों को करने लिए कमजोर एव लाचार है। सरकार, मंत्री, मुख्यमंत्री कमजोर होता है तो ऐसी घटनाओं में इजाफा होता है। हमारे लिए सियासत से बड़ा समाज है, जो दोषी हैं उनपर कार्यवाही जरूर हो।

राज्यसभा सांसद डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में स्वयं को राजस्थान का गांधी कहने वाले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के राज में दलित छात्र की निर्मम हत्या अन्याय की पराकाष्ठा है। दोषी को ऐसी सजा मिले कि दोबारा ऐसी घटना न हो।

मेरी मांग है कि छात्र के परिजनों को 50 लाख व सरकारी नौकरी दी जाए। सूचना मिली है कि दलित छात्र को न्याय दिलाने के लिए एकत्रित हुए लोगों को पुलिस खदेड़ने व जबर्दस्ती अंतिम संस्कार करने का प्रयास कर रही है।

पुलिस को कहना चाहता हूं कि दलित भाइयों को अकेला न समझे। अगर न्याय नहीं मिला तो मैं भी जल्द ही जालौर की धरती पर पहुंच रहा हूं।

उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड ने वक़्तव्य जारी कर कहा कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जालोर में पुलिस प्रशासन द्वारा मृतक छात्र इंद्र मेघवाल के परिजनों की न्यायसंगत मांगों पर लाठीचार्ज करने की घटना एवं अंतिम संस्कार के लिए जबरन दबाव बनाया जाना बेहद निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। तानाशाही प्रशासन पीड़ित पक्ष के साथ न्याय करने के बजाए हिंसात्मक व्यवहार कर रहा है जिसकी मैं कड़ी भर्त्सना करता हूं। राठौड़ ने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्रीअशोक गहलोतजो गृह विभाग के मुखिया भी है वह हिंदुस्तान के इतिहास में सबसे विफल व नाकाम गृहमंत्री साबित हुए हैं जिनके नियंत्रण में कानून व्यवस्था के नाम पर कुछ भी नहीं है।

## गांधी पर इंद्रेश कुमार के बयान का विरोध

- राजस्थान विवि पर एनएसयूआई ने आरएसएस का पुतला फूंका

**जयपुर,** (का.प्र.)। आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार की ओर से महात्मा गांधी पर दिए गए विवादित बयान का विरोध करते हुए रविवार को जयपुर के राजस्थान विश्वविद्यालय में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं इंद्रेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान युवा कार्यकर्ताओं ने आरएसएस का पुतला फूंक इंद्रेश कुमार की गिरफ्तारी की मांग की।

एनएसयूआई के प्रदेश प्रभारी गुरजोत सिद्धू ने कहा कि बीजेपी और आरएसएस की मानसिकता शुरुआत से ही देश को बांटने की रही है। जिस महापुरुष को पूरी दुनिया में पूजा जाता है। आरएसएस के लोग उनके खिलाफ ही जहर उगल रहे हैं। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे में जब तक इंद्रेश के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो जाती हमारा विरोध भी जारी रहेगा।

दरअसल, आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कुमार ने शनिवार को जयपुर में कहा था कि महात्मा गांधी की भूल की वजह से देश का बंटवारा हुआ। अगर बापू अंग्रेजों से वार्ता के लिए नेहरू और जिन्ना को एडीसी नहीं चुनते तो भारत के टुकडे नहीं होते।

उनकी जगह अगर सरदार पटेल, सुभाष और महर्षि अरविंदो को एडीसी चुन लेते तो भारत का विभाजन नहीं होता। बापू की छोटी सी भूल ने भारत के दो टुकड़े कर दिए। इसलिए आजादी मिली लेकिन टुकड़ों के साथ मिली। जिसके बाद से कांग्रेस समेत देशभर में इंद्रेश का विरोध शुरू हो गया है।

## हमारी संस्कृति में विश्व बाजार नहीं, अपना परिवार है : डॉ.शैलेन्द्र

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के जयपुर प्रांत के प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र ने कहा कि पूरी दुनियां के लोग भारत को व्यापार का क्षेत्र मानते हैं, वे विश्व को बाजार मानते हैं, लेकिन हम अपनी संस्कृति में विश्व को अपना परिवार मानते हैं। डॉ. शैलेन्द्र रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, ऋषि गालव भाग की ओर स्वाधीनता से स्वंतत्रता की ओर विषय पर से आयोजित प्रबुद्धजन गोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा सतत संघर्ष का इतिहास रहा है। बाहर से आए लोगों ने हमारे उपर आक्रमण करके राज किया। इन्होंने किन आधार पर हमारे देश पर राज किया, अपनी क्या कमियां थीं। इस पर आज विचार करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि देश स्वतंत्र हो गया। स्वाधीतनता को 75 वर्ष हो गए, हम अमृत महोत्सव मना रहे हैं। जब तक समाज समरस नहीं होगा, तब तक जिस समर्थ समाज की हम कल्पना करते हैं वह संभव नहीं है।

डॉ. शैलेन्द्र ने कहा कि आज देश बदल रहा है। देश में अच्छी बातें हो रही है। चाहे भगवान श्रीराम के मंदिर का निर्माण हो या काशी विश्वनाथ मंदिर का निर्माण, धारा 370 का विषय हो। आज अनेक विकसित देश में भारत से अपने उपग्रह स्थापित करवाते हैं। भारत हर क्षेत्र में उन्नति कर रहा है। भारत इस क्षेत्र में दुनिया में तीसरे स्थान पर है। भारत के लोगों की धाक पूरे विश्व में बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जो लोग प्रश्न उठाते हैं कि देश को स्वतंत्र कराने में संघ का क्या योगदान था। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी विपिन चंद्र शर्मा ने कहा कि आज कोई भी भारत को आंख उठाकर नहीं देख सकता। देश में सामाजिक उथल पुथल चल रही है। देश में कई आंतरिक चुनौतियां है, इनका सामना करने के लिए हिन्दू समाज को एकत्रित करना होगा।

## दलित छात्र की मौत से गुस्साएं छात्रों का राज. विवि. में प्रदर्शन

**जयपुर ।** जालौर में टीचर की पिटाई से हुई दलित छात्र की मौत के मामले में रविवार को राजस्थान विवि. में पूर्व छात्र नेता नरसी किराड़ के नेतृत्व में छात्रशक्ति एक जुट हो गई और जमकर हंगामा किया। छात्रों ने विवि. का मुख्यद्वार बंद कर दिया और धरने पर बैठ गए। छात्रों ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान नरसी किराड़ ने ऐलान कर दिया कि जब तक इंद्र कुमार और उसके परिजनों को इंसाफ नहीं मिलेगा, तब तक छात्रों का प्रदर्शन विवि. के मुख्यद्वार पर जारी रहेगा। इस दौरान मौके पर मौजूद पुंलिस प्रशासन ने उनकी समझाइश का प्रयास भी किया, लेकिन छात्रों ने उनकी बात मानने से इंकार कर दिया।

## जीएनएम पूरक परीक्षा परिणाम जारी

**जयपुर ।** राजस्थान नर्सिंग कौंसिल ने फरवरी में हुई जी.एन.एम. द्वितीय वर्ष पूरक परीक्षा साढ़े तीन वर्षीय पाठ्यक्रम का परिणाम जारी कर दिया है। कौंसिल के रजिस्ट्रार डॉ. शशिकान्त शर्मा ने बताया कि साथ ही मार्च में आयोजित जी.एन.एम. तृतीय वर्ष पूरक परीक्षा साढ़े तीन वर्ष पाठ्यक्रम, ए.एन.एम. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष मुख्य परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन का भी परिणाम जारी कर दिया गया है।

## डॉ. पूनिया ने हजारों महिलाओं को तिरंगा झंडा वितरित किया

### प्रदेश महामंत्री और सांसद दीया कुमारी समेत हजारों महिलाओं ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को रक्षासूत्र बांधे



आमेर विधानसभा क्षेत्र में रविवार को आयोजित तिरंगा-राखी संगम कार्यक्रम में जनसैलाब उमड़ा।

- आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में डॉ. सतीश पूनिया ने सुकन्या समृद्धि योजना में 75 कन्याओं के खाते खुलवाने का शुभारंभ किया

**जयपुर** (कासं)। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर जयपुर सहित राजस्थान के सभी जिलों में हर घर तिरंगा अभियान पूरे जोर-शोर और उत्साह के साथ चल रहा है। इसी क्रम में आमेर विधानसभा क्षेत्र में आज तिरंगा राखी संगम कार्यक्रम में हजारों महिलाओं का जनसैलाब उमड़ा, जिसमें सभी महिलाओं को घरों पर तिरंगा लगाने के लिए तिरंगा वितरित किये गए और साथ ही प्रदेश महामंत्री एवं सांसद दीया कुमारी सहित हजारों महिलाओं ने डॉ. सतीश पूनिया को रक्षासूत्र बांधकर उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और तरक्की की कामना की।

आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के ऐतिहासिक अवसर पर मोदी सरकार की सुकन्या समृद्धि योजना के अन्तर्गत सतीश पूनिया ने राशि जमा करवाकर 75 कन्याओं के खाते खुलवाने का शुभारंभ किया और बेटियों के सशक्तिकरण के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खुलवाने की लोगों से अपील भी की। डॉ. पूनिया ने संबोधित करते हुए कहा कि, चूरू जिले के एक छोटे से गांव में एक सामान्य किसान परिवार में जन्मे मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्ता को यहां तक पहुंचाने में मातृशक्ति एवं बहन-बेटियों के आशीर्वाद और प्यार की बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि आमेर, जयपुर, राजस्थान की मजबूती एवं विकास के लिए 2023 में भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनवाने में माता-बहनों का भरपूर आशीर्वाद मिलेगा और 2024 में श्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में भी मातृशक्ति का हमेशा की तरह विशेष योगदान-आशीर्वाद रहेगा। डॉ. पूनिया ने महिला सशक्तिकरण एवं सम्मान के लिए केन्द्र सरकार की उज्जवला, सुकन्या इत्यादि जन-कल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने का आमजन से आव्हान किया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद दीया कुमारी, प्रदेश मंत्री महेन्द्र यादव, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा, महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अलका मूंदड़ा, महिला मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री बादाम देवी वर्मा, जयपुर जिला प्रमुख रमा देवी, जयपुर ठोटर नगर निगम मेयर सौम्या गुर्जर, जयपुर देहात उत्तर जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष भगवान शर्मा, आमेर प्रधान बद्रीनारायण बागड़ा, जालसू प्रधान हरदेव यादव इत्यादि उपस्थित रहे।

## स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित किया

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के घर पहुंचे तथा उन्हें सूत की माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

गहलोत ने मानसरोवर के दादूदयाल नगर स्थित स्वतंत्रता सेनानी रामू सैनी, निवारू रोड पर गणेश नगर स्थित स्वतंत्रता सेनानी उमराव सिंह, सी-स्कीम स्थित स्वतंत्रता सेनानी सुभद्र कुमार पाटनी के आवास पर पहुंचकर उनका सम्मान किया।

इस अवसर पर पूर्व शिक्षामंत्री गोविन्दसिंह डोटासरा व जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद थे।

## युवक ने रिवॉल्वर से खुद के सिर में गोली मारकर आत्महत्या की

**जयपुर** (कासं)। राजधानी के भांकरोटा इलाके में शनिवार रात युवक ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। कनपटी पर गोली मारने से कमरे में खून ही खून हो गया। गोली चलने की आवाज से अपार्टमेंट में दहशत फैल गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। भांकरोटा थाना पुलिस ने लोगों की मदद से गेट को धक्का देकर खोला। कमरे में बेड पर खून से लथपथ लाश पड़ी मिली। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से मौके से सबूत जुटाए है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव हॉस्पिटल की मॉच्यूरी में रखवाया है।

पुलिस के मुताबिक गंगानगर निवासी कुलदीपेंद्र सिंह (45) ने सुसाइड किया है। उसका खेती-बाड़ी का काम था। वह बिंदायका स्थित सीकेडी हाईड्स में किराए के फ्लैट में पत्नी और बेटा-बेटी के साथ रहता था। रात करीब 11:30 बजे वह अपने रुम में गया। रुम को अंदर से लॉक कर लिया। कुछ देर बाद ही गोली चलने की आवाज आई। गोली चलने की आवाज से अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों में दहशत फैल गई। पत्नी और बच्चों ने कुलदीपेंद्र को आवाज लगाकर रुम खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जबाव नहीं मिला। आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। लोगों की सूचना पर भांकरोटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने धक्का देकर गेट को खोला। रुम में पलंग पर कुलदीपेंद्र की लाश पड़ी हुई थी। कुलदीपेंद्र ने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को कनपटी पर शूट किया था। पुलिस प्रथमदृष्टया जांच में सामने आया है कि कुलदीपेंद्र मानसिक रुप से बीमार था, उसकी दवाईयां भी चल रही थी। शनिवार रात करीब 8 बजे से वह शराब पी रहा था। रात करीब 11:15 बजे पत्नी ने उसको खाने की पूछा। खाना खाने से मना कर वह अपने रुम में चला गया। जिसके बाद खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने मौके पर मिली लाइसेंसी रिवॉल्वर जब्त कर ली है। मृतक के पास किसी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने की बात से इंकार किया गया है। बताया जा रहा है कि मृतक का बेटा भी मानसिक रूप से कमजोर है। बच्चों की पढ़ाई के लिए 4 महीने पहले जयपुर शिफ्ट हुआ था। एक बेटा 14 साल का है। बेटी 10 साल की है। घर में पत्नी जागृती (43) और एक नौकर भी था।

## जम्बाब्वे दौरा: राहुल की वापसी के बाद गिल को तीसरे क्रम पर करनी पड सकती है बल्लेबाजी

जम्बाब्वे दौरा: राहुल की वापसी के बाद गिल को तीसरे क्रम पर करनी पड सकती है बल्लेबाजी

नयी दिल्ली, 14 अगस्त। जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला एशिया कप से पहले लोकेश राहुल के लिए लय को परखने का शानदार मौका होगा और ऐसे में वह आगामी मैचों में शिखर धवन के साथ पारी का आगाज करना पसंद करेंगे।

इस दौरे पर टीम की कमान संभाल रहे राहुल अगर पारी का आगाज करेंगे तो वेस्टइंडीज के दौरे पर धवन के साथ इस भूमिका को निभाने वाले शुभमन गिल को तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए आना पड़ सकता है। भारतीय टीम के लिए अभी टी20 विश्व कप सर्वोपरि है और जहां तक सबसे छोटे प्रारूप की बात है तो गिल भारतीय टीम का हिस्सा नहीं है। ऐसे में 27 अगस्त से शुरू होने वाले एशिया कप से पहले टीम प्रबंधन चोट से वापसी कर रहे राहुल को बल्लेबाजी का पर्याप्त मौका देना चाहेगा।

गुरुवार (18 अगस्त) से हरारे में शुरू होने वाली तीन मैचों की संक्षिप्त श्रृंखला के लिए मुख्य कोच राहुल द्रविड़ टीम के साथ नहीं होंगे। उनकी जगह एनसीए(राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी ) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण कोच की भूमिका निभायेंगे। यह लगभग निश्चित है कि लक्ष्मण मुख्य कोच द्वारा निर्धारित खाके का पालन करेंगे। राहुल की वापसी ने शीर्ष क्रम के युवा बल्लेबाज गिल के लिए भी मुश्किलें खडी कर दी हैं। गिल ने वेस्टइंडीज में 50 ओवरों के प्रारूप में शानदार बल्लेबाजी की। वह64, 43 और नाबाद 98 रन की मैच जिताऊ पारियों के बाद मैन ऑफ द सीरीज बने थे।

राष्ट्रीय टीम के पूर्व चयनकर्ता और टेस्ट मैचों के सलामी बल्लेबाज देवांग गांधी ने इस मुद्दे पर कहा, '' मुझे लगता है कि शुभमन को भारतीय टीम प्रबंधन द्वारा सही तरीके से तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कैरेबियाई सरजमीं पर एकदिवसीय मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

मुझे लगता है कि टीम खिलाड़ियोंको इस तरीके से तैयार कर रही कि वह किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी कर सके। इस विशेष श्रृंखला के लिए शुभमन को तीसरे नंबर पर आना पड़ सकता है''

देवांग की बातों से पूर्व भारतीय खिलाड़ी दीप दास गुप्ता भी सहमत दिखे। उन्होंने कहा, ''इतनी अच्छी लय में होने के बाद किसी खिलाड़ी के लिए यह मुश्किल है। टीम का लक्ष्य फिलहाल राहुल को एशिया कप टी20 के लिए सलामी बल्लेबाज के तौर पर तैयार करना होगा। उसे बल्लेबाजी के लिए काफी समय मिलना चाहिए और यह मेरी प्राथमिकता है। मुझे लगता है कि यह एक अल्पकालिक व्यवस्था होगी क्योंकि मुझे लगता है कि शुभमन को एकदिवसीय विश्व कप के लिए सलामी बल्लेबाज के रूप में तैयार किया जा रहा है।

## पीएम मोदी को निकहत जरीन ने दिए मुक्केबाजी दस्ताने, हिमा दास ने भी भेंट किया गमछा

नई दिल्ली, 14 अगस्त। भारतीय खिलाड़ियों ने बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्मानित किये जाने पर खुशी और आभार व्यक्त किया। बॉक्सर निकहत जरीन ने उन्हें मुक्केबाजी 'ग्लव्ज' और स्प्रिंटर हिमा दास ने पारपंरिक असमी गमछा उपहार में दिया। मोदी ने शनिवार को अपने निवास पर भारतीय दल की मेजबानी की और खिलाड़ियों को सम्मानित किया। भारतीय खिलाड़ियोंने बर्मिंघम में शानदार प्रदर्शन करते हुए 61 पदक हासिल किये, जिसमें 22 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य पदक शामिल हैं।



मुक्केबाज निकहत ने ट्वीट किया, 'माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सर को सभी मुक्केबाजों के हस्ताक्षर किये हुए मुक्केबाजी 'ग्लव्ज' उपहार में देने से सम्मानित महसूस कर रही हूं। इस शानदार मौके के लिये आपका शुक्रिया। देश को गौरवान्वित करने वाले अपने साथी खिलाड़ियोंके साथ शानदार दिन बिताया।' विश्व चैम्पियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता स्टार मुक्केबाज निकहत ने बर्मिंघम में अपने वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

हिमा ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, 'राष्ट्रमंडल खेल 2022 की बदौलत हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा



आर्शीवाद प्राप्त करके उत्साहित हूं। भाग्यशाली हूं कि उन्हें हमारा पारपंरिक गमछा उपहार में पेश किया जो पूरे असम की कृतज्ञता से भरा है।' तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक रजत पदक जीतने के एक साल बाद राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली चैम्पियन भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने प्रधानमंत्री को उनकी प्रोत्साहन भरी बातों के लिये धन्यवाद कहा। चानू ने कहा, 'माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सर से मिलने और बातचीत करने के बाद सम्मानित महसूस कर रही हूं। आपके समर्थन और प्रोत्साहन के लिये शुक्रिया सर। जय हिंद।'

प्रधानमंत्री ने भारतीय दल का अभिनंदन करते हुए शनिवार को कहा कि भारतीय खेलों का स्वर्णिम काल दस्तक दे रहा है और अच्छे प्रदर्शन पर संतोष करके चुप नहीं बैठना है।

बैडमिंटन खिलाड़ी चिराग शेट्टी ने 'माइक्रोब्लागिंग साइट' पर लिखा, 'अपना कीमती वक्त निकालने और हमें अपने निवास पर आमंत्रित करने के लिये धन्यवाद सर। आपके साथ बात करना हमेशा ही शानदार रहता है।' उनके युवा बैडमिंटन साथी लक्ष्य सेन ने भी प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित किये जाने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने ट्वीट किया, 'सभी खिलाड़ियोंके लिये कितना शानदार दिन रहा, आभार। हमारी कडी मेहनत की प्रशंसा करने और प्रोत्साहन भरे शब्दों के लिये आपका बहुत बहुत धन्यवाद। हम सभी आपके समर्थन के आभारी हैं। अपने देश को गौरवान्वित करना जारी रखेंगे। जय हिंद।'

स्टार पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविना पटेल ने कहा, 'माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एक बार फिर मिलना, उनसे बातचीत करना और उनका आर्शीवाद लेना हमेशा की तरह प्रेरणादायी रहा। हमारे प्रदर्शन में उनकी दिलचस्पी और इसके बारे में विस्तृत बातचीत बहुत ही संतुष्टि देती है।'

## फीफा प्रतिबंध की धमकी पर छेत्री ने खिलाड़ियों से कहा, ज्यादा ध्यान मत दो

बेंगलुरू, 14 अगस्त। अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने रविवार को साथी खिलाड़ियों को भारतीय फुटबॉल पर फीफा निलंबन के खतरे पर ज्यादा चिंता नहीं करने और मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखने की सलाह दी।

इस महीने के शुरू में विश्व फुटबॉल संचालन संस्था फीफा ने तीसरे पक्ष के 'हस्तक्षेप' के कारण अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को निलंबित करने और इससे अक्टूबर में महिला अंडर-17 विश्व कप की मेजबानी के अधिकार छीनने की धमकी दी थी। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय महासंघ को चुनाव कराने का निर्देश दिया था जिसके कुछ ही दिन बाद यह चेतावनी जारी की गयी थी।



उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त की गयी प्रशासकों की समिति (सीओए) ने हालांकि तब से चुनावी प्रक्रिया शुरू कर दी है और चुनाव 28 अगस्त को कराये जाने हैं। छेत्री ने नये सत्र की तैयारियों पर उनके क्लब बेंगलुरू एफसी द्वारा आयोजित वर्चुअल मीडिया बातचीत के दौरान कहा, ''मैंने लडकों से बात की है और मेरी सलाह है कि ज्यादा ध्यान इस पर मत लगाओ क्योंकि यह आपके नियत्रंण से बाहर की चीज है।'' उन्होंने कहा, ''जो लोग शामिल हैं, वो यह सुनिश्चित करने के लिये अपना सर्वश्रेष्ठ कर रहे हैं कि हम सर्वश्रेष्ठ संभव नतीजा हासिल कर लेंगे।'' छेत्री ने कहा, ''हर कोई इस ओर कड़े प्रयास कर रहा है। जहां तक खिलाड़ियों का संबंध है तो हम सुनिश्चित करेंगे कि हम अपना काम उचित तरीके से करें। '' उन्होंने कहा, ''हमें सुनिश्चित करना होगा कि आप खुद को बेहतर खिलाड़ी बनाओ। जब भी आपको अपने क्लब या अपने देश के प्रतिनिधित्व का मौका मिले तो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करो। ''

छेत्री ने कहा, ''एआईएफएफ में सभी हर संभव तरीके से इससे निपटने की कोशिश कर रहे हैं ताकि नतीजा हमारे हक में रहे।'' भारत को 11 से 30 अक्टूबर तक फीफा महिला अंडर-17 विश्व कप की मेजबानी करनी है। डूरंड कप 16 अगस्त से कोलकाता में शुरू होगा जिसमें बेंगलुरू एफसी का सामना टूर्नामेंट के दूसरे दिन जमशेदपुर एफसी से होगा। बेंगलुरू एफसी ने 2013 में आने के बाद लगभग हर बड़ा राष्ट्रीय खिताब अपने नाम किया है इसलिये टीम अपनी 'ट्राफी कैबिनेट' में डूरंड कप ट्राफी अपने नाम करने के लिये बेताब होगी।

छेत्री ने कहा, ''यह बहुत ही विशेष है। यह सबसे पुराने टूर्नामेंट में से एक है जो बहुत बडी बात है। लेकिन क्लब ने भी यह खिताब नहीं जीता है और व्यक्तिगत रूप से भी मैंने डूरंड कप नहीं जीता है।'' उन्होंने कहा, ''मैं काफी टूर्नामेंट जीतने में भाग्यशाली रहा हूं और भारत में लगभग जितने भी टूर्नामेंट हैं, सभी जीत चुका हूं बस डूरंड कप की कमी है। ''

## डुआने ओलीवियर इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट की श्रृंखला से बाहर

लंदन, 14 अगस्त। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डुआने ओलीवियर चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ 17 अगस्त से शुरू हो रही तीन टेस्ट की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे।

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बताया कि ओलीवियर के कूल्हे में चोट लगी है। इस तेज गेंदबाज को कैंटरबरी में इंग्लैंड लॉयन्स के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान चोट लगी।

दक्षिण अफ्रीका ने हालांकि ओलीवियर के विकल्प के रूप में किसी खिलाड़ी को टीम में शामिल नहीं किया है। सीएसए ने ट्वीट किया, ''दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज डुआने ओलीवियर दाएं कूल्हे में ठोड दो की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट की श्रृंखला से बाहर हो गए हैं।

उनके विकल्प के तौर पर किसी खिलाड़ी को शामिल नहीं किया गया है।'' तीन टेस्ट की श्रृंखला का पहला टेस्ट 17 अगस्त से लाड्र्स में खेला जाएगा।

दूसरा टेस्ट मैनचेस्टर में 25 अगस्त से जबकि तीसरा टेस्ट लंदन के द ओवल में आठ सितंबर से होगा।

## राजस्थान रॉयल्स के मालिक ने मुझे 3-4 चांटे मारे:टेलर

वेलिंगटन, 14 अगस्त । न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज़ रॉस टेलर ने खुलासा किया है कि आईपीएल के 2011 सत्र के एक मैच में उनके शून्य पर आउट होने के कारण राजस्थान रॉयल के एक मालिक ने उन्हें तीन-चार चांटे मारे थे। टेलर ने कहा कि यह चांटें हंसी-मज़ाक के माहौल में मारे गये थे लेकिन यह पूरी तरह से नाटक नहीं था।

टेलर ने अपनी आत्मकथा ब्लैक एंड व्हाइट में लिखा, ''राजस्थान और किंग्स इलेवन पंजाब के बीच मोहाली में मैच हुआ। हमें 195 रन के लक्ष्य का पीछा करना था, मैं शून्य पर पगबाधा हो गया और हम करीब भी नहीं पहुंचे। इसके बाद टीम, सपोर्ट स्टाफ और प्रबंधन होटल की सबसे ऊपरी मंज़िल के बार में थे। (शेन) वॉर्न के साथ वहां लिज हर्ली भी थीं। रॉयल्स के एक मालिक ने मुझसे कहा, रॉस, हमने तुम्हें 10 लाख डॉलर इसलिये नहीं दिये हैं कि तुम शून्य रन बनाओ और यह कहकर उन्होंने मेरे चेहरे पर तीन-चार चांटे मारे।'' उन्होंने कहा, ''वह हंस रहे थे, और चांटे भी तेज़ नहीं थे मगर मुझे यकीन नहीं है कि यह पूरी तरह से नाटक-अभिनय था। मैं उन परिस्थितियों में बखेडा खडा करने नहीं जा रहा था, लेकिन मैं कल्पना नहीं कर सकता था कि यह सब पेशेवर खेल वातावरण में हो रहा है।''